**संसद सदस्यों द्वारा मंत्रालय को लिखे गए पत्रों की संख्या**

309. **श्री मोहम्मद अफ़ज़ल उर्फ़ भीम अफजल:** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 1 अप्रैल, 1990 से 31 मार्च, 1993 की अवधि के दौरान सांसदों द्वारा मंत्रालय को कितने पत्र लिखे गये और उनका वर्ष वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उनमें से कितने पत्रों की पावती भेजी गई;

(ग) कितने पत्रों के अन्तिम उत्तर भेजे गये; और

(घ) मंत्रालय द्वारा क्रमशः सकारात्मक और नकारात्मक उत्तर वाले भेजे गये अन्तिम पत्रों के पृथक-पृथक आंकड़े क्या है?

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०एम० सईद):** (क) से (घ): 1 अप्रैल, 1990 से 31 मार्च, 1993 तक की अवधि के दौरान संसद सदस्यों से प्राप्त पत्रों की संख्या, भेजे गए अन्तिम उत्तरों और लम्बित पड़े पत्रों की संख्या का एक विवरण उनके वर्ष-वार ब्यौरों सहित, राज्य सभा के पटल पर रखा जाता है **(नीचे देखिये)** नियम के अनुसार संसद सदस्यों से प्राप्त सभी पत्रों की पावती तत्काल भेज दी जाती है। प्रत्येक मामले में परिस्थितियों के आधार पर अन्तिम उत्तर भेजे जाते हैं और उन्हें सकारात्मक या नकारात्मक के रूप में वर्गीकृत करना संभव नहीं है।

विवरण

**पहली अप्रैल, 1990 से 31 मार्च, 1993 (वर्षवार) की अवधि के दौरान, संसद सदस्यों से प्राप्त पत्रों की संख्या, भेजे गए अन्तिम उत्तरों तथा लम्बित पत्रों की संख्या का ब्यौरा**

| क्रम सं० | वर्ष | पिछले वर्ष से लम्बित पत्र | वर्ष के दौरान प्राप्त पत्रों की संख्या | योग | भेजे गए अन्तिम उत्तर | लम्बित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1.4.90 से 31.3.91 | 1885 | 6467 | 8352 | 6030 | 2322 |
| 2. | 1.4.91 से 31.3.92 | 2322 | 7283 | 9605 | 7216 | 2389 |
| 3. | 1.4.92 से 31.3.93 | 2389 | 8367 | 10756 | 9579 | 1177 (31.3.93 को) |

**देश की कुल आबादी**

310. **श्री मोहम्मद अफज़ल उर्फ़ भीम अफजल:** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ताजा जनगणना के अनुसार देश की कुल आबादी कितनी है;

(ख) इसमें से कुल कितने पुरूष और कुल कितने महिलायें हैं;

(ग) कुल आबादी का धार्मिकवार ब्यौरा क्या है; और

(घ) कुल आबादी का भाषावार ब्यौरा क्या है?

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०एम० सईद):** (क) 1991 की जनगणना के अनुसार देश की कुल जनसंख्या 846, 302, 688 है।

(ख) 1991 की जनगणना के अनुसार देश में कुल 439,230,458 पुरूष और 407,072,230 महिलाएं हैं।

(ग) और (घ) 1991 की जनगणना के आधार पर धर्म और भाषा संबंधी डाटा अभी समेकित किया जाना है।

**भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की संख्या**

311. **प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा:** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले पांच वर्षों में कुल कितने पाकिस्तानी नागरिक वीजा लेकर भारत आए हैं;

(ख) ऐसे पाकिस्तानी नागरिकों की संख्या कितनी है जो अभी तक पाकिस्तान नहीं लौटे हैं; और

(ग) उन्हें स्वदेश वापस भेजने के संबंध में सरकार क्या कदम उठा रही है?

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट):** (क) और (ख) 31.10.93 तक प्राप्त